
## खबरों में रहे स्टॉक


### ऑयन एक्सचेंज इंडिया




निदेशक मंडल ने 10 रुपये से 1 रुपये के शेयर विभाजन को मंजूरी दी

₹ 3,368.4 पिछला बंद भाव
₹ 3,410.1 आज का बंद भाव
1.2 % ▲


### ईथोस




स्विस घड़ी का ब्रांड लॉरेंट फेरियर भारत में पेश किया

₹ 1,190.6 पिछला बंद भाव
₹ 1,225.7 आज का बंद भाव
2.9 % ▲


### ग्रेविटा इंडिया




गुजरात के मुंद्रा संयंत्र में सफलतापूर्वक पूरा हुआ क्षमता विस्तार

₹ 505.3 पिछला बंद भाव
₹ 514.7 आज का बंद भाव
1.9 % ▲


### टीटीके हेल्थकेयर




निदेशक मंडल से इक्विटी शेयरों की स्वैच्छिक डीलिस्टिंग को मंजूरी

₹ 1,308.6 पिछला बंद भाव
₹ 1,316.9 आज का बंद भाव
0.6 % ▲

### आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज




समेकित लाभ में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की गिरावट दर्ज

₹ 461.1 पिछला बंद भाव
₹ 440.0 आज का बंद भाव
-4.6 % ▼

## संक्षेप में

### वोडा आइडिया के बोर्ड में लौटे के एम बिड़ला

कुमार मंगलम बिड़ला अतिरिक्त गैर-कार्यकारी निदेशक के तौर पर वोडाफोन आइडिया के निदेशक मंडल में फिर से शामिल हो गए हैं। कंपनी के निदेशक मंडल ने गुरुवार को उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी, जो 20 अप्रैल से प्रभावी हो गई है। साथ ही बोर्ड ने गैर-कार्यकारी निदेशक के के माहेश्वरी का इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया। बिड़ला अगस्त 2021 में कंपनी के गैर-कार्यकारी चेयरमैन के पद से हट गए थे। *बीएस*

### भारत में नोकिया का कारोबार चार गुना हुआ

फिनलैंड की मोबाइल फोन कंपनी नोकिया की 2023 की पहली तिमाही में कुल बिक्री 10 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ 5.85 अरब यूरो रही है। इस दौरान कंपनी का भारत में कारोबार लगभग चार गुना हो गया है। कंपनी की वैश्विक बिक्री मार्च, 2022 की तिमाही में 5.34 अरब यूरो रही थी। नोकिया ने अपनी आय रिपोर्ट में बताया, नेटवर्क ढांचा और मोबाइल नेटवर्क, दोनों ने 13-13 प्रतिशत वृद्धि की। नेटवर्क ढांचे में ऑप्टिकल नेटवर्क और आईपी नेटवर्क सबसे आगे रहे, जो देश में लगातार बढ़ती 5जी सेवाओं को दिखाता है। भारत में बिक्री बढ़ने के साथ कंपनी ने उत्तरी अमेरिका और अन्य स्थानों पर खर्च कम किया है। देश में तेजी से फैलते 5जी नेटवर्क के कारण नोकिया इंडिया की बिक्री मार्च, 2022 तिमाही के 20 करोड़ यूरो से लगभग चार गुना होकर 85.3 करोड़ यूरो हो गई। नोकिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पेक्का लुंदमार्क ने रिपोर्ट में कहा, मोबाइल नेटवर्क की शुद्ध बिक्री में 13 प्रतिशत (स्थिर मुद्रा के आधार पर) की वृद्धि हुई क्योंकि भारत में 5जी का विस्तार उत्तरी अमेरिका के खर्च में मंदी की भरपाई से कहीं अधिक हुआ। *भाषा*

# एचसीएल को 11 प्रतिशत लाभ

## परिचालन से कंपनी का सालाना समेकित राजस्व 1 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा

**भाषा**
नई दिल्ली, 20 अप्रैल

आईटी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजिज ने पिछले वित्त वर्ष (2022-23) की मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में 3,983 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया है, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 10.85 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने गुरुवार को जनवरी-मार्च, 2023 के वित्तीय परिणाम जारी करते हुए कहा कि इस अवधि में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 3,983 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान अवधि में यह 3,599 करोड़ रुपये था।

हालांकि दिसंबर, 2022 तिमाही की तुलना में एचसीएल टेक का शुद्ध लाभ करीब तीन प्रतिशत घट गया है। पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी ने 4,096 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंजों को दी गई सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की चौथी एवं अंतिम तिमाही में उसकी परिचालन आय करीब 18 प्रतिशत बढ़कर 26,606 करोड़ रुपये हो गई। वहीं मार्च, 2022 की तिमाही में यह 22,597 करोड़ रुपये रही थी। हालांकि, अक्टूबर-दिसंबर, 2022 तिमाही की तुलना में कंपनी की आय घट गई है।




अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की आय 26,700 करोड़ रुपये रही थी।

पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में लाभ 10 प्रतिशत बढ़कर 14,845 करोड़ रुपये हो गया जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह 13,499 करोड़ रुपये रहा था। परिचालन से कंपनी का सालाना समेकित राजस्व 1 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया।

पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की एकीकृत आय 18.45 प्रतिशत बढ़कर 1,01,456 करोड़ रुपये हो गई।

### सायंट का राजस्व 48 प्रतिशत बढ़ा

**इंजीनियरिंग** एवं सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी सायंट ने चौथी तिमाही में अनुमान से बेहतर राजस्व दर्ज किया। कंपनी को जनवरी-मार्च की अवधि में मजबूत ऑर्डर प्रवाह से मदद मिली।

रेफिनिटिव आईबीईएस आंकड़े के अनुसार, मार्च तिमाही में परिचालन से कंपनी का एकीकृत राजस्व 48.3 प्रतिशत बढ़कर 17.51 अरब रुपये हो गया, जो विश्लेषकों द्वारा जताए गए अनुमान (17.29 अरब रुपये) से ज्यादा है। सेवा खंड से राजस्व 14.48 अरब रुपये पर रहा, जो एक साल पहले के 9.84 अरब रुपये से ज्यादा है।

हैदराबाद स्थित कंपनी ने कहा है कि उसे सेवा खंड में राजस्व वृद्धि वित्त वर्ष 2024 के लिए कॉन्स्टैंट करेंसी (सीसी) आधार पर सालाना 15-20 प्रतिशत के दायरे में रहने का अनुमान है।

सायंट के कार्यकारी वाइस-चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक कृष्ण बोदानापू ने कहा, 'हमने इस तिमाही में 18.51 करोड़ डॉलर की कुल अनुबंध संभावनाओं के साथ मुख्य सेवा सेगमेंट में पांच बड़े सौदे हासिल किए हैं।'

कंपनी के वित्तीय नतीजे ऐसे समय में आए हैं जब भारतीय आईटी उद्योग मंदी की आशंका और अमेरिका तथा यूरोप के प्रमुख बाजारों में बैंकिंग संकट की चिंताओं के बीच खर्च पर दबाव से जूझ रहा है।

पिछले सप्ताह, भारत की दो प्रमुख आईटी कंपनियों - टीसीएस और इन्फोसिस ने कमजोर तिमाही नतीजे पेश किए। वहीं, इन्फोसिस ने 6 साल में सबसे धीमी राजस्व वृद्धि की आशंका जताई है। *रॉयटर्स*

## सैप इंडिया को दिख रही उम्मीद

# कैलेंडर वर्ष 2023 में होगी शानदार वृद्धि

**शिवानी शिंदे**
मुंबई, 20 अप्रैल

**कंपनी ने की है छोटे एवं मध्य व्यवसायों को ध्यान में रखकर 'ग्रो विद सैप' पेश किए जाने की घोषणा**

**ऐसे** समय में जब वैश्विक तौर पर तकनीकी बजट में कमी आ रही है, सॉफ्टवेयर दिग्गज सैप ने कहा है कि उसका भारतीय व्यवसाय कैलेंडर वर्ष 2023 में तीन अंक की वृद्धि दर्ज कर सकता है। भारत में वृद्धि की रफ्तार को मजबूत बनाने के लिए कंपनी ने छोटे एवं मध्यम व्यवसायों को ध्यान में रखकर 'ग्रो विद सैप' पेश किए जाने की घोषणा की।

सैप इंडिया सबकॉन्टिनेंट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कुलमीत बावा ने कहा, 'पिछले दो वर्षों में हमने तिमाही दर तिमाही तीन अंक की वृद्धि दर्ज की और हमें इसमें कमजोरी नजर नहीं आ रही है। अब हम मझोले और छोटे आकार की कंपनियों को ज्यादा सॉल्युशन अपनाते देख रहे हैं, क्योंकि उनके लिए हम ये आसान बनाना भी चाहते हैं।'

देश में विकास की रफ्तार बनाए रखने में सक्षम होने के लिए सैप ने आज ग्रो विद सैप पहल को पेश करने की घोषणा की। इस पेशकश का मकसद भारत में मध्यम आकार के ग्राहकों को ऐसा क्लाउड ईआरपी अपनाने में मदद करना है जो गति, पूर्वानुमान, निरंतर नवाचार को सक्षम बनाता हो।

बावा ने यह भी कहा कि भारत में उसके ग्राहकों में 80 प्रतिशत योगदान छोटे एवं मझोले व्यवसायों का है।

उन्होंने कहा, 'हमने पिछले दो साल में अपना ग्राहक आधार दोगुना किया है। वैश्विक तौर पर भारत का वृद्धि के मोर्चे पर अहम योगदान रहा है। भारत में 13,500 ग्राहकों में से करीब 10,660 एसएमई से हैं।'

ग्रो विद सैप को पेश करने से पहले कंपनी ने इस बारे में ग्राहकों से सुझाव मांगे थे कि तकनीकी को अपनाने के संदर्भ में वे किस तरह का अनुभव चाहते हैं।

भारत में सैप के कुल कर्मियों की संख्या करीब 15,000 है।

# मांग वृद्धि की उम्मीद से क्षमता बढ़ाएगी रसना

**अपने** बेवरिज कंसंट्रेट के लिए प्रसिद्ध रसना को गर्मी के इस सीजन में वर्ष 2018-2019 के मुकाबले वॉल्यूम में दो अंकों का इजाफा होने की उम्मीद है और इसलिए कंपनी के कारखाने पूरी क्षमता से चल रहे हैं। बेवरेज क्षेत्र की इस दिग्गज को रमजान की मांग का भी फायदा मिल रहा है।

रसना के चेयरमैन पिरोज खंबाटा ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया 'हमारे सभी कारखाने पूरी क्षमता पर चल रहे हैं और मैं इस परेशानी से जूझ रहा हूं कि स्टॉक रखने वाली 3-4 इकाइयों का उत्पादन नहीं हो पा रहा है। ज्यादा मांग की वजह से ऐसा है।'

खंबाटा ने यह भी कहा कि कंपनी को मात्रा के मुकाबले ज्यादा मूल्य वृद्धि दिख रही है।

वर्ष 2021 में कोविड की वजह से लॉकडाउन के कारण बिक्री पर असर पड़ा था, इसलिए कम आधार की वजह से रसना को वर्ष 2022 की गर्मियों के सीजन में मजबूत मांग नजर आई थी। वर्ष 2022 की तुलना में मांग वृद्धि कम है। उन्होंने कहा कि छोटे शहरों से मांग अधिक है और उसके उत्पादों की ग्रामीण मांग भी मजबूत है। अपने उत्पादों की अधिक मांग के कारण कंपनी 100 करोड़ रुपये के अन्य निवेश के साथ अपनी क्षमता में 30 से 40 प्रतिशत तक का और विस्तार कर रही है। खंबाटा ने कहा कि चूंकि कोविड के वर्षों के दौरान मांग पर असर पड़ा था, इसलिए वह उन वर्षों के दौरान क्षमता विस्तार करने में सक्षम नहीं थी। *बीएस*

# हवाई अड्डा परिचालक कर रहे आसान नियमों की मांग

**अनीश फडणीस**
मुंबई, 20 अप्रैल




- भारत-यूरोप के बीच यात्रा, व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नियमों में राहत चाह रहे हवाई अड्डे
- कैलेंडर वर्ष 2022 में भारत और यूरोप के बीच 69 लाख से ज्यादा यात्रियों ने भरी उड़ान

**हवाई** अड्डा परिचालकों ने आव्रजन, सुरक्षा और वीजा के आसान नियमों की मांग की है, जिससे भारत और यूरोप के बीच व्यापार और पर्यटन को लाभ मिलेगा। गुरुवार को नई दिल्ली में ईयू-इंडिया विमानन सम्मेलन के मौके पर यह मांग की गई।

वर्ष 2022 में 69 लाख से ज्यादा यात्रियों ने भारत और यूरोप के बीच (ब्रिटेन सेमत) यात्रा की थी। एशिया प्रशांत और यूरोप में हवाई अड्डों का प्रतिनिधित्व करने वाली एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनैशनल ने संयुक्त रूप से प्रतिनिधित्व करते हुए सुरक्षा, उपभोक्ता संरक्षण और वीजा जारी करने के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया।

हवाई अड्डों ने यूरोपीय संघ और भारत के बीच 'वन-स्टॉप सुरक्षा व्यवस्था' (ओएसएस) की दिशा में कार्य योजना बनाने पर जोर दिया है। इस तरह का ढांचा एक-दूसरे की सुरक्षा प्रणालियों की पारस्परिक मान्यता पर आधारित होता है। इससे हवाई अड्डों पर ट्रांजिट प्रक्रिया सुचारू हो सकती है और इससे उड़ानों के बीच आवश्यक कनेक्टिंग समय कम किया जा सकता है। वर्तमान में भारत से आने वाले बैग की यूरोप में ट्रांजिट पॉइंट पर दोबारा जांच की जाती है।

यूरोपीय संघ का सिंगापुर के साथ ओएसएस समझौता है। इसके तहत सिंगापुर से आने वाले यात्री और बैग के लिए यूरोप की कनेक्टिंग उड़ान के वास्ते ट्रांजिट चेक पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। एसीआई ने अबू धाबी जैसे हवाई अड्डों में अमेरिका द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया के समान भारत और यूरोपीय संघ के बीच आव्रजन की पूर्व-मंजूरी की भी सिफारिश की है क्योंकि इससे यात्रा में आसानी होगी।

हवाईअड्डों ने प्रक्रिया को आसान बनाने का भी आग्रह किया है, जिसमें कॉन्सुलर और वीजा सेवाओं की तीव्र डिलिवरी भी शामिल है क्योंकि इससे भारत और यूरोपीय संघ के बीच लोगों की आवाजाही में सुविधा होगी और कारोबारी संबंधों तथा पर्यटन में वृद्धि होगी।

# कारों पर छूट कोविड पूर्व स्तर पर

**सोहिनी दास**
मुंबई, 20 अप्रैल

**कार** खरीदारों के लिए छूट की वापसी हो रही है। सभी ब्रांड के डीलर 20,000 रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक की छूट दे रहे हैं, जो कार के मॉडल और स्थान के आधार पर अलग-अलग है।

उद्योग के सूत्रों का दावा है कि यह छूट वर्ष 2019 या वैश्विक महामारी से पहले वाले स्तर के आस-पास है।

बिजनेस स्टैंडर्ड के साथ बातचीत के दौरान फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने माना कि वास्तव में छूट की वापसी हो रही है। सिंघानिया ने कहा 'उपभोक्ता के लिए कार खरीदने का यह काफी अच्छा वक्त है क्योंकि कई डीलर छूट की पेशकश कर रहे हैं। यह छूट उन मॉडल के लिए है,



जिनके लिए डीलर के पास स्टॉक है। कुछ अन्य मॉडल, जिनमें सेमीकंडक्टर चिप की कमी की वजह से उत्पादन पर असर पड़ा है, उनमें इंतजार करना पड़ रहा है।'

उन्होंने कहा कि नेटवर्क स्तर पर, डीलरों का स्टॉक 30 दिन की अवधि पार कर चुका है और इसलिए डीलर तथा ओईएम यह स्टॉक खत्म करने के लिए छूट की पेशकश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छूट का दायरा व्यापक रूप से मॉडलों के आधार पर और व्यक्तिगत डीलर तथा स्थानों के मामले में भी अलग-अलग है।

क्या यह छूट दोबारा वैश्विक महामारी से पहले वाले स्तर पर आ गई है? इस बारे में सिंघानिया का कहना है कि छूट वर्ष 2019 वाले स्तर के करीब है, लेकिन इसमें अब भी कुछ गुंजाइश है। डीलरशिप के सूत्रों ने संकेत दिया कि मारुति सुजूकी सेलेरियो, वैगन-आर, ऑल्टो के10 जैसे शुरुआती स्तर वाले मॉडलों के मामले में छूट 50,000 रुपये से अधिक है। दूसरी तरफ ग्रैंड विटारा, विटारा ब्रेजा, एर्टिगा जैसे मॉडलों की प्रतीक्षा अवधि 20 से 30 सप्ताह की है। मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के प्रवक्ता तुरंत टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे।

टाटा मोटर्स के डीलर भी विभिन्न मॉडलों पर 20,000 से 35,000 रुपये के दायरे में छूट की पेशकश कर रहे हैं। डीलरशीप के सूत्रों ने दावा किया कि अल्ट्रोज, टियागो, टिगॉर, हैरियर और यहां तक की नेक्सन के भी कुछ संस्करणों पर छूट मिल रही है।

कंपनी के प्रवक्ता ने कहा 'फरवरी-मार्च की हमारी छूट दिसंबर के मुकाबले कम है। डीलरशिप छूट उनके स्टॉक, मॉडल और स्थानों के आधार पर अलग-अलग होगी।'

ह्युंडै मोटर इंडिया की कारों पर ग्रैंड आई10 निओस, ओरा, आई20 जैसी कारों पर करीब 15,000 रुपये से 33,000 रुपये की छूट है।

### छूट की वापसी का कारण

**जहां** कुछ मॉडलों की मांग और प्रतीक्षा अवधि ज्यादा है, वहीं अन्य मॉडलों का स्टॉक बचा हुआ है। सिंघानिया का कहना है कि ओईएम भी डीलरों को शुरुआती स्तर वाली कारों की लगातार बिक्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम तौर पर हम हर महीने देखते हैं कि पहला पखवाड़ा सुस्त रहता है, लेकिन खुदरा बिक्री के मामले में महीने के आखिर में संख्या बढ़ जाती है।

सिडबी
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
जेम (GeM) निविदा सूचना

सिडबी, निम्नलिखित हेतु पात्र प्रदाताओं को जेम पोर्टल में बोलियां जमा करने के लिए आमंत्रित करता है:

| निविदा विवरण | जेम निविदा संदर्भ संख्या |
|---|---|
| डाटासेंटर और डीआर साइट के लिए "नेटवर्क घुसपैठ प्रतिबंधन प्रणाली" की खरीद। | GEM/2023/B/3286722 |

विस्तृत निविदा दस्तावेज के लिए कृपया **GeM Portal (gem.gov.in)** या हमारी वेबसाइट **www.sidbi.in** देखें। परिशिष्ट/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो तो उपर्युक्त वेबसाइटों में प्रकाशित किया जाएगा।

IFCI LIMITED
आई एफ सी आई लिमिटेड
(A Government of India Undertaking)
(भारत सरकार का उपक्रम)

प्रधान कार्यालय: आईएफसीआई टॉवर, 61 नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
क्षेत्रीय कार्यालय: अर्नेस्ट हाउस, 9वीं मंजिल नरीमन पाइंट, मुम्बई–400021
दूरभाषः 022-61293400/61293411/61293415
वेबसाइटः www.ifciltd.com
सीआईएनः L74899DL1993GOI053677

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**निविदा संख्याः आईएफसीआई/एचओ/एमएण्डआर/01/2023–24, दिनांक 21/04/2023**
**आईएफसीआई लि. द्वारा 'ओपन औकशन/बोली मैथड' के आधार पर वित्तीय परिसम्पत्ति की बिक्री**

आईएफसीआई लि. निम्नलिखित वित्तीय परिसम्पत्ति/अलाभकारी परिसम्पत्ति की बिक्री/अन्तरण के लिए नियामक ढांचे के अधीन पात्र बैंकों/वित्तीय संस्थाओं/एआरसीज/एनबीएफसीज से बोली प्रस्ताव आमंत्रित करता है:

(करोड़ रुपए में)

| ऋणी का नाम | वित्तीय परिसम्पत्ति का स्वरूप | बकाया राशि (15.04.2023 की स्थिति अनुसार) | बिक्री के निबन्धन | आरक्षित मूल्य | ईएमडी* |
|---|---|---|---|---|---|
| बिलटेक बिल्डिंग एलेमिंट्स लिमिटेड (बी बी ई एल) | निगमित ऋण | 212.17 | 100% नकद आधार पर | 83.67 | 1.00 |

*ईएमडी को आरक्षित मूल्य के प्रतिशत के रूप में नहीं बताया गया है।
बोली 'ओपन औकशन/बोली मैथड' के आधार पर उक्त डिस्क्लोसड आरक्षित मूल्य के आधार पर होगी।
नीलामी/बोली के लिए निविदा दस्तावेज तथा विस्तृत निबंधन व शर्तें हमारी वेबसाइट (https://www.ifciltd.com) Tenders→Sale of assets→NPA शीर्ष के अधीन अपलोड की गई हैं।
रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रस्तुत करने की अन्तिम तारीख 08/05/2023, सायं 5:00 बजे है।
ईएमडी 10/05/2023 तारीख, अप. 3:00 बजे तक जमा की जाए तथा ई नीलामी/बोली 11/05/2023 तारीख को (11:00 प्रातः – 12:00 दोपहर) तक लगाई जाएगी।
निविदा से सम्बन्धित सभी शुद्धि–पत्र/परिशिष्ट/आशोधन/समय वृद्धि की सूचना/स्पष्टीकरण आदि, यदि कोइ हों, को केवल (https://www.ifciltd.com) वेबसाइट पर ही डाला जाएगा।
**टिप्पणीः** आईएफसीआई के पास सभी अथवा किसी प्रस्ताव को बिना कोई कारण बताए, चाहे वह कुछ भी क्यों न हो, पूर्णतः अथवा अंशतः अस्वीकार करने का अधिकार आरक्षित है।

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 21 अप्रैल, 2023
ह.
महाप्रबन्धक (एमएण्डआर)

**परिशिष्ट IV**
देखें नियम 8(1)
**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **विशाल प्रोप्राइटर ऑगस्ट कंसल्टेंट्स और दीन दयाल** को **12.09.2022** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HLAPNOI00200294** की राशि **रू.27,36,185.97 (रूपये सत्ताईस लाख छत्तीस हजार एक सौ पचासी और सत्तानवे पैसे मात्र)** और **08.09.2022** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतदद्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **17.04.2023** को संपत्ति पर **आधिपत्य** कर लिया है।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतदद्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.27,36,185.97 (रूपये सत्ताईस लाख छत्तीस हजार एक सौ पचासी और सत्तानवे पैसे मात्र) 08.09.2022** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**
तल मंजिल डीडीए एमआइजी फ्लैट नं. 195-बी, राजौरी गार्डन में स्थित, नई दिल्ली -110027, उक्त फ्लैट के नीचे समानुपातिक भूमि अधिकार के साथ, इसके सभी अपर्टमेंट्स ईजमेंट्स के साथ, प्रवेश और निकास के अधिकार और दिल्ली के एनसीटी के पश्चिम जिले में आनेवाली उक्त संपत्ति में और उसके आस-पास सभी फिक्स्चर और फिटिंग।

सही/-
दिनांक : 17.04.2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली — इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

**परिशिष्ट IV**
देखें नियम 8(1)
**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **अनिल पांडे प्रोप्राइटर मैजेस्टिक कार्स और नेहा पांडे** को **20.01.2023** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLDMT00456395** की राशि **रू.33,88,188.75 (रूपये तैंतीस लाख अट्ठासी हजार एक सौ अट्ठासी और पचहत्तर पैसे मात्र)** और **17.01.2023** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतदद्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **18.04.2023** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतदद्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.33,88,188.75 (रूपये तैंतीस लाख अट्ठासी हजार एक सौ अट्ठासी और पचहत्तर पैसे मात्र) 17.01.2023** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**
पूरी तल मंजिल (छत के अधिकार के बिना), संपत्ति बियरिंग नं. डब्ल्यूज़ेड-197/2बी, प्लॉट नं. वीए-8 के हिस्से पर निर्मित, एरिया मापन 66.6 स्क्वेअर यार्डस्, गाँव तिहाड़ में स्थित खसरा नं. 783, 784 और 775 में से, वीरेंद्र नगर से पहचाने जानेवाली कॉलोनी, गली नंबर 3-ए, नई दिल्ली -110058 और जो निम्ननुसार परिबद्ध है:-
पूर्व : सड़क — पश्चिम : अन्य की संपत्ति
उत्तर : गली — दक्षिण : 15 फीट चौड़ी सड़क

सही/-
दिनांक : 18.04.2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : नई दिल्ली — इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

**परिशिष्ट IV**
देखें नियम 8(1)
**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **विशाल प्रोप्राइटर ऑगस्ट कंसल्टेंट्स और दीन दयाल** को **12.09.2022** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HLAPNOI00161643** की राशि **रू.86,47,080.07 (रूपये छियासी लाख सैंतालीस हजार अस्सी और सात पैसे मात्र)** और **08.09.2022** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतदद्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **17.04.2023** को संपत्ति पर **आधिपत्य** कर लिया है।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतदद्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.86,47,080.07 (रूपये छियासी लाख सैंतालीस हजार अस्सी और सात पैसे मात्र) 08.09.2022** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**
तल मंजिल डीडीए एमआइजी फ्लैट नं. 195-बी, राजौरी गार्डन में स्थित, नई दिल्ली -110027, उक्त फ्लैट के नीचे समानुपातिक भूमि अधिकार के साथ, इसके सभी अपर्टमेंट्स ईजमेंट्स के साथ, प्रवेश और निकास के अधिकार और दिल्ली के एनसीटी के पश्चिम जिले में आनेवाली उक्त संपत्ति में और उसके आस-पास सभी फिक्स्चर और फिटिंग।

सही/-
दिनांक : 17.04.2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली — इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

**दिल्ली संस्करण :** बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ.प्र. से मुद्रित एवं नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नईदिल्ली से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. DELHIN/2008/27804 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं